# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद् की दिनांक 25/06/2021 को सम्पन्न 15वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 2. | **प्रो0 विनय कुमार पाठक**<br>कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | **प्रो0 योगेश जोशी**<br>अधिष्ठाता, इण्टरनेशनल रिलेशन<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | **प्रो0 तपोव्रत लहरी**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5 | **श्री प्रदीप मिश्रा**<br>सी0एम0डी0, रूद्राभिषेक इंटरप्राइजेज प्रा0 लि0, ग्राउण्ड फ्लोर, युवा भवन, वाईएमसीए काम्प्लेक्स, 13 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **श्री कृपाशंकर सिंह**<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन<br>लखनऊ। (प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | **श्री अजय जौहरी,**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिद, वित्त विभाग के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | **डा0 रिपुदमन सिंह**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 9. | **प्रो0 राम नरेश**<br>कार्यवाहक वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 10. | **डा0 नीरज कुमार सिंह,**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |



Scanned by CamScanner

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 योगेश सिंह,**<br>कुलपति<br>दिल्ली टेक्नोलॉजिकल युनिवर्सिटी (डी0टी0यू0) दिल्ली – 110042<br>(अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 2 | **श्री दिनेश अग्रवाल**<br>फाउण्डर एण्ड सी0ई0ओ0 आफ इण्डिया मार्ट, इण्डिया मार्ट इंटरमेस लिमिटेड, 7वॉ तल, एडरंत–नविस बिजनेस पार्क, प्लाट नं0–7, सेक्सन–142, नोएडा।<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |
| 3 | **श्री अनिल कुमार**<br>समन्वयक, एस0पी0आई0यू0 लखनऊ। | सदस्य |

कोविड–19 के कारण वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से हो रही परिषद् की बैठक में मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में प्रथम बैठक होने के दृष्टिगत सर्वप्रथम मा0 कुलपति द्वारा सभी सदस्यों के अभिवादन के साथ विश्वविद्यालय की संक्षिप्त प्रगति से अवगत कराया, जिसमें कोविड–19 महामारी के दौरान भी विश्वविद्यालय में समय से परीक्षा का आयोजन किये जाने तथा विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के अथक प्रयासों से 437 अर्ह छात्र–छात्राओं में से 264 छात्र–छात्राओं को 40 विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों में प्लेसमेंट मिला है। जिसमें सुश्री भावना गुलाटी, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इन्जी0 को माइक्रोसाफ्ट कम्पनी में रु0 43.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर नियुक्ति मिली है। इसके लिए मा0 कुलपति जी ने प्रोफेसर पी0के0 कमानी, अधिष्ठाता योजना एवं स्त्रोत जनन् एवं डा0 अनीता यादव, प्रभारी, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट को बधाई दी। उसके उपरान्त कार्य परिषद् के सचिव द्वारा अध्यक्ष, कार्य परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**15.01: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 12/04/2021 को सम्पन्न 14वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 12/04/2021 को सम्पन्न कार्य परिषद् की 14वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया।

**15.02: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 12/04/2021 को सम्पन्न 14वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद ने विश्वविद्यालय की दिनांक 12/04/2021 को सम्पन्न कार्य परिषद की 14वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का अवलोकन करने के साथ ही दिनांक 31/03/2021 को सम्पन्न 13वीं कार्य परिषद की बैठक पर कृत कार्यवाही का अवलोकन करने के लिये मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया।



Scanned by CamScanner

**15.03: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति पद के कार्यभार ग्रहण करने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने डा0 समशेर, आचार्य, मैकेनिकल इन्जी0 विभाग, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा कुलपति, एच0बी0टी0यू0 के पद पर कार्यभार ग्रहण किये जाने से संज्ञानित होकर नवनियुक्त मा0 कुलपति को बधाई दी।

**15.04: विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 11/06/2021 को सम्पन्न 11वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने दिनांक 11/06/2021 को विश्वविद्यालय विद्या परिषद की सम्पन्न 11वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या 214/70–4 /2000–7(7)/94 दिनांक 4 फरवरी 2000 एवं शासनादेश संख्या 602/सत्तर–4–2015–1212/2014 दिनांक 15 जुलाई 2015 को अंगीकृत किया। जिससे विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत पाठ्यक्रम भी संचालित किये जा सके।

**15.05: विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 14.06.2021 को सम्पन्न 15 वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने दिनांक 14.06.2021 को सम्पन्न विश्वविद्यालय वित्त समिति की 15 वीं बैठक के कार्यवृत्त अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा वित्त समिति के बिन्दु संख्या 15.05 पर शासन से स्वीकृति प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया।

**15.06: विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना टेक्युप–III के सुचार रूप से संचालन हेतु कुलपति/अध्यक्ष कार्य परिषद द्वारा समय–समय पर लिए गये निर्णयो को परिषद मे संज्ञान मे लाये जाने के सम्बन्ध मे।**

परिषद् विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना टेक्युप–III के समन्वयक द्वारा प्रस्तुत प्रगति आख्या से संज्ञानित हुयी।

**15.07: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय में अभातशिप के अनुसार विभिन्न स्कूल्स के अन्तर्गत संचालित विधाओं में विभाग में छात्र संख्या के आधार पर यू0जी0/पी0जी0 में टीचिंग लोड का आंकलन कर शैक्षिक पदों का पुर्नवर्गीकरण करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में अभातशिप के अनुसार विभिन्न स्कूल्स के अन्तर्गत संचालित विधाओं में विभाग में छात्र संख्या के आधार पर यू0जी0/पी0जी0 में टीचिंग लोड के आधार पर प्रस्तुत रिपोर्ट में 273 पदों की आवश्यकता के दृष्टिगत पूर्व सृजित पदों को घटाकर शेष 142 पदों के स्वीकृत हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के साथ ही विश्वविद्यालय में पूर्व में सचालित कोर्सेस एवं नवीन



Scanned by CamScanner

कोर्सेस के आधार पर पदों का विभाजन करते हुए अलग–अलग प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किये जाए।

**15.08: विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा उ0 प्र0 शासन के अनुसार विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती हेतु नियमावली तैयार किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा उ0 प्र0 शासन के अनुसार विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती हेतु प्रस्तुत नियमावली पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**15.09: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली संशोधन उपरान्त शासन को प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली संशोधन उपरान्त समिति द्वारा प्रस्तुत नियमावली पर अनुमोदन प्रदान किया एवं यह राय व्यक्त की उक्त पर विधिक राय प्राप्त कर ली जाय।

**15.10: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

**15.10:01 विश्वविद्यालय के शैक्षिक पदों पर आरक्षण के आधार पर रोस्टर निर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने विश्वविद्यालय में कुल सृजित 131 पदों पर शासनादेश के आलोक में रोस्टर के आधार पर प्रस्तुत आरक्षण रिपोर्ट की समीक्षा हेतु निम्नलिखित समिति का गठन कर निर्णय लिये जाने हेतु मा0 कुलपति को अधिकृत किया :–

| | |
|---|---|
| (1) प्रो0 जे0पी0 सैनी | संयोजक |
| (2) श्री आर0डी0 चन्द्रहास | सदस्य |
| (3) श्री नन्दलाल यादव | सदस्य |
| (4) श्री ए0के0 शुक्ला | सदस्य |
| (5) प्रो0 नीरज कुमार सिंह | सदस्य–सचिव |

**15.10:02 विश्वविद्यालय में शोध को बढ़ावा दिये जाने हेतु उत्कृष्टता शोध पुरस्कार दिये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने विश्वविद्यालय में शोध को बढ़ावा दिये जाने के साथ शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये उत्कृष्टता शोध पुरस्कार दिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया तथा उत्कृष्टता शोध पुरस्कार हेतु शोधपत्रों के गुणवत्ता परीक्षण हेतु आई0आई0टी एवं एन0आई0टी0 के विशिष्ट शिक्षकों के माध्यम से कराये जाने की अपेक्षा के कम में प्रकिया निर्धारण हेतु मा0 कुलपति को अधीकृत किया।



Scanned by CamScanner

15.10:03 विश्वविद्यालय अन्तर्गत बेसिक साइंस में परास्नातक कोर्स (एम0एस0सी0) एवं एम0बी0ए0 के लिये राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा क्रमशः JAM (जैम) एवं CAT के माध्यम से प्रवेश लिये जाने के सम्बन्ध में।

परिषद ने विश्वविद्यालय के अन्तर्गत बेसिक साइंस में परास्नातक कोर्स (एम0एस0सी0) एवं एम0बी0ए0 के लिये राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा क्रमशः JAM (जैम) एवं CAT के माध्यम से प्रवेश लिये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

15.10:04 **राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या 3019/32/जी0एस0/2020 दिनांक 18 मई, 2021 के सम्बन्ध में।**

परिषद ने राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या 3019/32/जी0एस0/2020 दिनांक 18 मई, 2021 के अनुपालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बनायी गयी नियमावली (यू0जी0सी0 की नियमावली को समावेश करते हुए बनायी गयी) पर इस शर्त के साथ अनुमोदन दिया कि पी0एच0डी0 धारक अभ्यर्थी के अधिकतम 30 अंक के निर्धारण को (संस्थाओं/विश्वविद्यालयों की रैकिंग एवं ख्याति के आधार पर) उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश संख्या 4226/सोलह–1–2016–1(6)/2016 दिनांक 26 अक्टूबर 2016 में उल्लिखित व्यवस्था के अनुरूप किया जाय।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव

::कार्यालय ज्ञाप::

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–208002

संख्याः 335/आर०ओ०/एचबीटीयू/ओटीटीएससी/2021 दिनांकः 28/06/2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय,एच0बी0टी0यू0कानपुर, मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ हेतु ।

2– सम्बन्धित सदस्य गण, कार्य परिषद्।

3– समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/समस्त प्रभारी/अधिकारी/प्रॉक्टर/अध्यक्ष, छात्र किया कलाप परिषद, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

4– वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।

5– कुलसचिव कार्यालय, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव

Scanned by CamScanner